# नर्मदांचल



नवभारत

भोपाल, मंगलवार, 17 मार्च, 2026


### एक नजर में

## चौरिया कुर्मी के सामूहिक विवाह हेतु जनसंपर्क प्रारंभ

**इटारसी** जिले के बड़े सामाजिक संगठन नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले समाज के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज संगठन का घर-घर निमंत्रण एवं जनसंपर्क अभियान विराट स्तर पर प्रारंभ हो गया है। समाज संगठन के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल ने बताया कि अभियान का शुभारंभ समाज की कुलदेवी पतित पावनी मां नर्मदा की पूजा अर्चना के साथ किया गया मां नर्मदा को सर्वप्रथम निमंत्रण एवं पीले चावल अर्पित किए गए । इसके पश्चात सभी सामाजिक घरों में पहुंचने के लिए विराट कार्य योजना समाज के धर्मशाला प्रांगण में आयोजित बैठक में बनाई गई। इसके पश्चात आज सोमवार से इटारसी ग्रामीण परिक्षेत्र में घर-घर निमंत्रण की शुरुआत ग्राम नयागांव में बहादुर चौधरी से की गई। शुभारंभ अवसर पर समाज संगठन के वरिष्ठ संरक्षक चंद्र गोपाल मालैया राम किशोर चोरे कुशल पटेल किशन दास चोरे राम मोहन मलैया भगवती चोरे श्रवण चौधरी इटारसी नगर अध्यक्ष एम एल चौरे, जेपी चौधरी, देवेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष हरीकिशोर पटेल संयोजक ग्राम घुघवासा के सरपंच नवल पटेल लालसाब पटेल सहित सैकड़ो सामाजिक जन मौजूद रहे.

# नपा अध्यक्ष के अयोग्यता की शिकायत

जानकारों ने बताया कि 2025 में जो शासन ने नियम बदले थे कि भविष्य में अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाएगा. उसके बाद अध्यक्ष का नोटिफिकेशन दर्ज नहीं होगा तो अयोग्य करार दिया जाएगा. वर्ष 2022 में पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चुनाव किया गया था इसलिये नोटिफिकेशन का प्रकाशन आवश्यक नहीं है.





नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 मार्च** नियमानुसार नपा अध्यक्ष पंकज चौरे के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन का गजट नोटिफिकेशन आज तक नहीं हुआ है, इसलिए उनका इस पद पर रहना अवैध और विधि विरुद्ध है! इस आशय की शिकायत पत्रकार सुरेश कुमार चिचवारे ने म.प्र. शासन को प्रस्तुत की है और नगर पालिका, इटारसी के अध्यक्ष पद पर अवैध रूप से पदस्थ पंकज चौरे के कार्य करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। पत्रकार सुरेश कुमार चिचवारे ने इस शिकायत में उल्लेख किया है कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन-2022 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, इटारसी के 34 पार्षदों के निर्वाचन के लिये दिनांक 06 जुलाई 022 को मतदान हुआ था, तथा दिनांक 17 जुलाई 2022 को चुनाव परिणाम घोषित किया गया था। चुनाव परिणाम की घोषणा के पश्चात निर्वाचित पार्षदों की सूची का म.प्र. राजपत्र में प्रकाशन हुआ था। तत्पश्चात दिनांक 08 अगस्त 2022 को नगर पालिका परिषद, इटारसी के अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ था, इसमें पंकज चौरे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 45 के अनुसार अध्यक्ष और पार्षदों का प्रत्येक निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जायेगा। इसके साथ ही धारा-19 (3)(i) के अनुसार अध्यक्ष तथा पार्षद के विरूद्ध प्रस्तुत कोई भी निर्वाचन याचिका तब तक ग्रहण नहीं की जायेगी, जब तक वह उस दिनांक से, जिसको ऐसे निर्वाचन का परिणाम राजपत्र में अधिसूचित किया गया था, 30 दिन के भीतर प्रस्तुत न की जाये। इससे स्पष्ट है कि पार्षदों तथा अध्यक्ष के निर्वाचन के उपरांत उसका म.प्र. राजपत्र में अधिसूचित किया जाना अनिवार्य है। शिकायत में आगे यह उल्लेख किया गया है कि दिनांक 08 अगस्त 2022 को अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित पंकज चौरे को पीठासीन अधिकारी द्वारा म.प्र. नगर पालिका अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नियम-2019 के नियम-14 के अंतर्गत निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया था। म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन के पश्चात उसका राजपत्र में प्रकाशन किया जाना बाध्यकारी था, परंतु पंकज चौरे के निर्वाचन का राजपत्र में प्रकाशन ही नहीं हुआ था। उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा मांगीलाल विरूद्ध एम पी एल जे 647 में अभिनिर्धारित किया जा चुका है कि निर्वाचन की अधिसूचना के प्रकाशन दिनांक पर अध्यक्ष निर्वाचित होता है, और अपने पद पर प्रवेश करता है। यह स्वीकृत तथ्य है कि पंकज चौरे के निर्वाचन का राजपत्र प्रकाशन शून्य है, तथा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया जाना विधि विरूद्ध है। इस प्रकार के प्रकरणों में उच्च न्यायालय म.प्र. द्वारा कई अध्यक्षों के कार्य करने पर रोक लगाई जा चुकी है। इस संबंध में उच्च न्यायालय, इन्दौर द्वारा याचिका. क्रमांक 10957/2025 में पारित आदेश दिनांक 02 मई 2024 तथा उच्च न्यायालय, ग्वालियर द्वारा प्रकरण क्रमांक 175/2024 में पारित आदेश 08 अक्टूबर 2025 विशेष रूप से अवलोकनीय है। स्पष्ट है कि पंकज चौरे द्वारा नपा परिषद, इटारसी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया जाना विधि विरूद्ध होकर अवैध है।

**इनका कहना है कि**

यह मामला सिर्फ मेरा नहीं है, पूरे प्रदेश का है। नोटिफिकेशन जारी करना शासन का दायित्व था.

**पंकज चौरे**
**अध्यक्ष नपा इटारसी**

## श्री द्वारिकाधीश मंदिर में 19 से 27 मार्च तक श्रीराम कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 मार्च** नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुकी श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। वर्ष 1963 से निरंतर जारी इस गौरवपूर्ण परंपरा के अंतर्गत, 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार तक श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर भक्तिमय रस में डूबा रहेगा। इस वर्ष का आयोजन विशेष होने जा रहा है, क्योंकि श्रद्धालुओं को विश्वविख्यात प्रवचनकर्ता, श्रीमद् प्रयाग पीठाधीश्वर शंकराचार्य पूज्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से रामकथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर, तुलसी चौक परिसर में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक कथा चलेगी।



**रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा** – आयोजन का मुख्य आकर्षण 27 मार्च को रामनवमी के पावन पर्व पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी। दशकों पुरानी इस परंपरा के अनुसार, सायंकाल नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ लेंगे।

**जन-जन से सहभागिता की अपील** – श्रीराम जन्म महोत्सव समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस महान धार्मिक अनुष्ठान में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएं। समिति के अनुसार, यह आयोजन केवल एक कथा नहीं, बल्कि इटारसी की उस जीवंत परंपरा का हिस्सा है जिसे नगरवासियों ने 61 वर्षों से संजोकर रखा है।

## साइबर फ्राड के प्रति किया सचेत, बचत भी, सलाह भी

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 16 मार्च** जीवन में बचत करना बहुत जरूरी है। बचत की राशि जीवन में आने वाले संकटों के दौरान हमारे और हमारे परिवार के काम आती है। इसके अलावा हमें जीवन में साइबर अपराध करने वालों से भी सावधान रहना चाहिए। यह संदेश सोमवार को समेरिटंस विद्यालय चक्कर रोड मालाखेड़ी में आयोजित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक और बजाज फाइनेंस के सहयोग से किया गया था।आयोजक टीम के संदीप साहू, संजय शर्मा और प्रमोद त्रिवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में हरेक परिवार को वित्तीय नियोजन अवश्य करना चाहिए। साथ की साइबर अपराधों से भी बचने के लिए अपनी निजी जानकारी और ओटीपी कभी भी किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए।





## कल हरदा आयेंगे मुख्यमंत्री

**हरदा** – प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव कल हरदा के दौरे पर रहेंगे।इसके चलते कलेक्टर सिद्धार्थ जैन व पुलिस अधीक्षक शशांक ने सोमवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में 18 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने पेयजल व्यवस्था, मंच व्यवस्था, आगन्तुकों की बैठक व्यवस्था, हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, हितलाभ वितरण, विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन, प्रदर्शनी सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया.

## बिजली की डीपी में लगी आग, अफरा-तफरी का बना माहौल

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 मार्च** के सूरजगंज क्षेत्र में सोमवार सुबह बंद पड़े पुराने आर्य कन्या शाला परिसर में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया। इसके अलावा, स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित बस स्टैंड के सामने भी बिजली की डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन पैनल) में अचानक आग लग गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुबह करीब 10 बजे बिन्दा वालों की गली स्थित परिसर से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायरफाइटर हेमंत चौधरी और रविशंकर उईके ने फायर वाहन की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया।



**गर्मी बढ़ते ही शहर में आगजनी की घटना बढ़ी** – कुछ ही देर की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह परिसर लंबे समय से बंद पड़ा था और इसमें सूखी घास व कचरा जमा था, जिससे आग तेजी से फैल सकती थी। समय पर आग बुझने से आसपास के मकानों और दुकानों को संभावित नुकसान से बचा लिया गया। दूसरे मामले में स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित बस स्टैंड के सामने सोमवार को बिजली की डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन पैनल) में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के दुकानदारों व राहगीरों में दहशत फैल गई।

## गाड़ी सीज की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**इटारसी।** शहर के व्यस्त डायवर्सन तिराहे के पास रविवार शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद गाड़ी सीज करने की पुरानी बात को लेकर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और जानलेवा हमले में बदल गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है। प्रथम पक्ष के फरियादी आर्यन राजपूत निवासी अवध नगर ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च की शाम करीब 4-30 बजे जब वह डायवर्सन तिराहे के पास था, तब आरोपी राज गुप्ता, सोनू उर्फ सुनील, दीपक अहिरवार और संदीप अहिरवार सभी निवासी इटारसी ने पुरानी रंजिश के चलते उसे रोका। आरोपियों ने अभद्र गालियां देते हुए बेल्ट और लोहे की रॉड से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

## रघुवंशी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**पिपरिया** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद युवा जिला महोत्सव समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पुरोहित गार्डन पचमढी रोड पर किया। अभा अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ.रणजीतसिंह रघुवंशी, प्रदेश युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी आदि थे.

## पूर्व जिला अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवभारत न्यूज

**सिराली, 16 मार्च** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश राजपूत (रेहटी) का सोमवार को सिराली आगमन हुआ। उनके आगमन पर स्थानीय भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र सिंदा के नेतृत्व में राजेश राजपूत का शाल, श्रीफल एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान राजेश राजपूत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता किसी भी संगठन की ताकत होते हैं और उनके सहयोग से ही पार्टी को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र सिंदा, राहुल पटेल, अजय मालवीय, अमरदास पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पिपरिया** – घर के सामने झूठा एवं खराब बदबूदार राशन रखकर गंदगी फैलाकर संक्रमण फैलाने को लेकर राची,रुही व उमंग वालमिक पिता रवि वालमिक ने कार्यवाही की मांग की ।उन्होने बताया कि सुभाष आ0 विजय पियुष आ0 सुभाष, प्रशांत आ0 परषोत्तम के द्वारा हमारे घर के सामने सड़ा अनाज फेंकते हैं.

## चलती गाड़ी को रोककर युवक के साथ अभद्रता एवं गाड़ी में लगाई आग

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 मार्च** शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चलती गाड़ी रोककर उसके साथ अभद्र व्यवहार करने और उसकी मोटरसाइकिल में आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। फरियादी रवि राजपूत पिता मेहरबान सिंह राजपूत 52 वर्ष निवासी साईं की बगिया गली नंबर 2 ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 15 मार्च की रात करीब 1 बजे जब वह परशुराम भवन के सामने से गुजर रहा था, तभी आरोपी देवा भाट पिता राजा भाट निवासी टपरिया मोहल्ला तीसरी गली न्यास कालोनी इटारसी ने उसका रास्ता रोका।

आरोपी ने फरियादी के साथ गालियां दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने फरियादी की पुरानी मोटरसाइकिल कीमत लगभग 17,000 रुपये में आग लगा दी, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रात करीब 11.49 बजे औपचारिक प्राथमिकी दर्ज की।

## साहू समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली

**पिपरिया** माँ कर्मा देवी जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली। आराध्य देवी संत शिरोमणी माँ कर्मा जयंती पर साहू समाज द्वारा शोभापुर रोड कर्मा भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सर्वप्रथम बेटियां अश्व पर सवार थी। वही बैंड बाजो की धुन के साथ मंगल कलश लिये महिलायें चल रही थी। शोभायात्रा में माँ कर्मा जी का रथ था। वही झांकियां भी शामिल थी। शोभापुर रोड पर वैश्य समाज व शोभायात्रा मार्ग पर जगह जगह सामाजिक बंधुओ ने पेय पद्धार्थ से स्वागत किया।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

**बनखेडी, 16 मार्च** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद्, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन की नवांकुर योजनान्तर्गत प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण, प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण विलेज लाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी के आयोजन में ग्राम पंचायत कामती के सभागार में ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा प्रसाद मेहरा की अध्यक्षता,रजनीश यादव के मुख्य आतिथ्य , मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात स्वागत श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा प्रसाद मेहरा का स्वागत विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी के अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद कुशवाहा ने माल्यार्पण किया ।अतिथि रजनीश यादव का स्वागत संतोष पठारिया ने माल्यार्पण किया, विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा का स्वागत नवांकुर सखी के रूप में उपस्थित कुमारी मंजूलता पाल ने किया। केशव कुमार राय का स्वागत श्रीमंत पटैल ने माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात् प्रशिक्षण सत्रों में विभिन्न विषयों मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की परिकल्पना , समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं चरण, स्वयं सेवी संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन, प्रस्फुटन समितियों का दस्तावेजीकरण आदि विषयों पर प्रशिक्षण हुआ।, समय सारिणी अनुसार सभी प्रतिभागियों ने भोजन किया। समापन सत्र के अवसर पर शिक्षिकाओं श्रीमती जानकी नागवंशी एवं श्रीमती मीना यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## प्राइवेट स्कूल संचालकों का होली मिलन समारोह संपन्न



नवभारत न्यूज

**हरदा, 16 मार्च** सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स जिला हरदा द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन पिनेकल स्कूल, हरदा में किया गया। कार्यक्रम में हरदा, खिड़किया, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, हंडिया और चारुवा क्षेत्र के निजी विद्यालयों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष नवीन पांडे, महासचिव नितिन नेगी तथा गिरीश सिंहल ने किया। इसके बाद उपस्थित संचालकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर चर्चा की।


इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए संचालकों ने अपने विचार रखे। खिड़किया से जय सिंह राजपूत और बृजेश राज्यवैद्य, टिमरनी से अंकुश अग्रवाल और शैलेंद्र राजपूत, सिराली से सचिन अग्रवाल तथा हरदा से नरेंद्र सिंह तोमर, संकल्प जैन सहित अन्य साथियों ने निजी विद्यालयों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत ने संगठन की आवश्यकता और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संगठन का विस्तार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक हुआ है और कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फीस से संबंधित नियमों में संशोधन करवाने के लिए संगठन ने विधानसभा स्तर तक प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 25,000 तक की फीस वाले स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर फीस दर्ज कराने से छूट देने का संशोधन राजपत्र में विधानसभा के पटल पर कराया गया। संगठन शीघ्र ही सरकार के साथ ही वर्तमान में आरटीई के तहत प्रति विद्यार्थी लगभग 5 से 6 हजार रुपये मिलते हैं, जिसे लगभग 25 हजार रुपये तक किए जाने की मांग संगठन करेगा। दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि जहां एक ओर शासन द्वारा सरकारी विद्यालयों में प्रति विद्यार्थी शिक्षा पर लगभग 40 से 50 हजार रुपये तक खर्च किया जाता है, वहीं निजी विद्यालय 15 हजार रुपये फीस में ही विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

## पचमढ़ी में होटलों का किया निरीक्षण

**पचमढ़ी** अमेरिका ईरान के युद्ध के कारण गैस सिलेंडर की कमी को देखते हुए व होटलो में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग को लेकर पचमढी में 14 स्थानो पर तहसीलदार व पुलिस की टीम ने जांच कर आवश्यक हिदायते दी। राजस्व विभाग और पुलिस विभाग द्वारा एसडीएम आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी के निर्देश पर पचमढी के नटराज होटल,साउथ इंडियन काफी हाउस,पलाश होटल,ताज होटल, होटल इंद्रप्रस्थ, होटल साक्षी, लक्ष्मण होटल, पांडव होटल, कचनार होटल, देशी तडका होटल, मनोहर टीस्टाल, रेडचिली फास्ट फुड,यादव टी स्टाल, तिवारी टी स्टाल पर पहुंच औचक निरीक्षण कर नायब तहसीलदार नीरज बैस व पुलिस की टीम ने होटल संचालको को हिदायत दी

**गणगौर महोत्सव** | दोपहर में महिलाएं पाती खेलती हैं तो वहीं शाम को सामूहिक नृत्य करती हैं

# क्षेत्र में गणगौर महोत्सव के सुनाई दे रहे गीत





नवभारत न्यूज

**सिराली, 16 मार्च** क्षेत्र में गणगौर की धूम देखी जा रही है चैत्र माह में पढ़ने बाला नव दिवसीय गणगौर महोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है महोत्सव के तहत क्षेत्र के कई ग्रामों में गणगौर पावनी बुलाई गई है और आयोजक परिवार श्रद्धा भाव से माता गणगौर एवं धनिया राजा की आराधना में लगे हुए हैं महोत्सव के प्रथम दिवस सुबह से पूजा अर्चना के बाद यह महोत्सव आरंभ होता है प्रतिदिन दोपहर में महिलाएं पाती खेलती है तो वहीं शाम में सामूहिक नृत्य किया जाता है तथा रात्रि में पहुंचने वाली मंडलीया अपनी प्रस्तुति देती है जिसमें क्षेत्र भर से लोग पहुंच कर कार्यक्रम का आनंद लेते हैं इस चैत्र माह में नगर में गणगौर पावनी बुलाई गई है तो वहीं समीप के ग्रामो में आयोजन किया जा रहा है

**क्यों मनाया जाता है गणगौर महोत्सव** –नौ दिनों तक चलने वाला गणगौर महोत्सव खासकर राजस्थान एवं निमा क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है इस महोत्सव की शुरुआत भी इन्हीं क्षेत्रों से हुई और धीरे-धीरे इस महोत्सव के प्रति लोगों की श्रद्धा भाव बढ़ता गया और अब पूरे प्रदेश में यह महोत्सव मनाया जाता है जानकारी के अनुसार इस महोत्सव के पीछे खास आस्था जुड़ी हुई है ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर एवं माता पार्वती के रूप में गणगौर माता एवं धनिया राजा पूजे जाते हैं इस महोत्सव में खासकर महिलाएं विशेष पूजा अर्चना करती है एवं महिलाएं पाती खेलने जाती है हरे वृक्ष के नीचे नाच गाना करती है एवं शाम को पंडाल में महिला एवं पुरुषों के नृत्य होते हैं एवं रात्रि में बाहर से आई मंडलीय अपनी प्रस्तुति देती है जिसमें काफी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं और ज्वार की धानि का प्रसाद वितरित किया जाता है

**कई जगह मान्यता पूरी होने पर मनाया जाता है गणगौर महोत्सव** – गणगौर महोत्सव कई लोग मान्यता के अनुसार मनाते हैं ऐसा बताया गया है कि अपनी मन्नत पूरी होने के उपरांत गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जाता है ऐसी मान्यता है कि गणगौर माता से जो भी मन्नत मांगी जाती हैं वह अवश्य पूरी होती है और मन्नत पूरी होने के उपरांत यह आयोजन किया जाता है इस आयोजन में आयोजक परिवार द्वारा कड़ी आराधना की जाती है.

## सादगीपूर्ण तरीके से मनाया जन्मदिवस

**हरदा** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का जन्मदिवस सोमवार को उनके निज निवास हरदा पर सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों का उनके निवास पर बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। सर्वप्रथम हरदा विधायक डॉ. दोगने ने सहपरिवार ग्राम हंडिया पहुँचकर माँ नर्मदा एवं रिद्धेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्जन कर आर्शिवाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात हरदा विधायक डॉ. दोगने अपने निज निवास पर पहुंचे जहां पर पूर्व से उपस्थित कांग्रेसजनों, क्षेत्र वासियों, समर्थकों एवं शुभ चिंतकों द्वारा डॉ. दोगने को पुष्पमाला पहनाई.